संस्थान की प्लेसमेंट रिपोर्ट में दावा

आईआईएम के छात्र को मिला 64 लाख का पैकेज

भास्कर प्रतिनिधि | नागपुर.

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने अपनी प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी की है, जिसके अनुसार संस्थान के एक विद्यार्थी को 64 लाख रुपए का सर्वाधिक पैकेज मिला है। इस वर्ष हुए एमबीए के कैंपस प्लेसमेंट में 100 से अधिक कंपनियां आईं। इसमें माइक्रोसॉफ्ट, अडानी, आईआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ अमेरिका, बीएनवाय मेलॉन और इंडस वैली पार्टनर जैसी चर्चित कंपनियां शामिल थीं। इस वर्ष के कैंपस प्लेसमेंट के पैकेज में 10.05% की औसत वृद्धि दर्ज की गई है। पूरी बैच का औसत सीटीसी करीब 16.74 लाख रुपए प्रतिवर्ष रहा है। इस वर्ष आईटी, आईटीईएस और बीएफएसआई क्षेत्रों में विद्यार्थियों ने सर्वाधिक रूचि दिखाई है। उन्हें मिलने वाली नौकरियों में स्ट्रैटजी कंसल्टिंग व एनालेटिक्स, सेल्स व मार्केटिंग, फायनांस, प्रॉडक्ट मैनेजमेंट और जनरल मैनेजमेंट जैसी जिम्मेदारियां शामिल हैं। संस्थान के निदेशक डॉ.भीमराया मैत्री ने कहा है कि इस वर्ष के प्लेसमेंट रिपोर्ट विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता की उत्कृष्टता को दर्शाता है।

Thu, 29 December 2022
दैनिक भास्कर https://epaper.bhaskarhindi.com/c/7126